हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 मार्च 2025

तापमान

अधिकतम 38 .0 डिग्री
न्यूनतम 14 .0 डिग्री

11 मंडियों में सरसों की आवक ने जोर पकड़ा, कोसली में एमएसपी पर पहली बार खरीद

12 कब्जों की चपेट में नपा की जमीन, कर्मचारी कर रहे अपनी जेबें गर्म, आम रास्तों तक को नहीं बख्शा

DK Realestate
A name you can trust it.
DK Real Estate
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
प्लॉट ही प्लॉट
Website : www.dkrealestate.co.in
Dinesh Kumar dkrealestaterewari YouTube DK Real Estate
मात्र 16500 - 20000
प्रति वर्ग गज से शुरू
9467141575

खबर संक्षेप

दहेज प्रताड़ना मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के आरोप में दर्ज किए गए केस में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत वर्ष एक विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच मीडिएशन के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग पर परेशान करने के आरोप लगाए थे। दोनों पक्षों के बीच समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने गत 11 मार्च को केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने मामले में डहीना निवासी ललित को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

हादसे के आरोपी गाड़ी चालक पर केस दर्ज

जाटूसाना। दखोरा में पैदल चल रही महिला को टक्कर मारने के आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस बयान में सुमन ने बताया कि 5 मार्च को गांव में बनवारा के प्रोग्राम के बाद वह पैदल घर लौट रही थी। इसी दौरान एक कार ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में वह घायल हो गई थी। परिजनों ने उसे अस्पताल में दाखिल कराया था। टक्कर मारने वाले चालक श्रीकांत ने पहले उससे समझौता करने की बात कही थी, बाद में वह मुकर गया। इस हादसे में उसे काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने महिला के बयान पर आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

आधी रात को घर से लापता हुई महिला

जाटूसाना। थाना अंतर्गत एक गांव से महिला लगभग आधी रात को घर से लापता हो गई। पुलिस शिकायत में महिला के पति ने बताया कि 25 मार्च को वह और उसकी पत्नी कमरे में सोए हुए थे। आधी रात को उसकी नींद खुली तो उसे पत्नी अपनी चारपाई पर नहीं मिली। उसने रात को ही पत्नी की तलाश करना शुरू कर दिया। रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर पूछताछ करने के बाद भी उसकी पत्नी का कोई सुराग नहीं मिला। जाटूसाना थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद महिला का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

बाल विवाह कराने के आरोपी दंपति काबू

रेवाड़ी। थाना सदर पुलिस ने बाल विवाह कराने के आरोपी दंपति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांव में रहे बिहार के एक परिवार की नाबालिग का विवाह रुकवाने के बाद गत दिनों केस दर्ज किया था। बताया गया है कि नाबालिग का जबरन बाल विवाह कराया जा रहा था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने बिहार केतोलियाबयान निवासी सीता देवी व उसके पति दरबारी मंडल को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

घर से नकदी लेकर फरार हुआ युवक

रेवाड़ी। विजय नगर से करीब 18 वर्षीय युवक घर से नकदी व मार्कशीट लेकर फरार हो गया। पुलिस शिकायत में कॉलोनी निवासी सतीश ने बताया कि उसका बेटा 18 वर्षीय इंद्रजीत पॉलीटेक्निक का छात्र है। उसने परीक्षा नहीं दी। वह 15 दिन पहले घर से चला गया था। बाद में वह झज्जर में मिल गया। अब 23 मार्च को वह घर से मार्कशीट, आधार कार्ड और 40 हजार रुपये लेकर फिर से लापता हो गया।

लंबे समय से पंचायती जमीन पर किए गए कब्जे तोड़े जाएंगे

हाईकोर्ट की सख्ती से जेसीबी की रफ्तार तेज अप्रैल माह तक खाली करवानी होगी जमीन

- केस जीत चुकी पंचायतों को खाली कराकर सौंपी जाएगी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दशकों से पंचायती जमीन पर काबिज हुए बैठे लोगों से कब्जे छुड़वाने की प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद केस जीत चुकी पंचायतों को जमीन खाली कराकर सौंपने की दिशा में तेजी से कदम उठाए जाने लगे हैं।

ऐसी जमीनों को अप्रैल माह तक खाली कराने के बाद संबंधित पंचायतों के हवाले कर दिया जाएगा। ग्राम सचिवों को शपथ पत्र देकर यह बताना होगा कि उनके अधिकार क्षेत्र में संबंधित कब्जे वाली जमीन को खाली करा लिया गया है। पंचायती जमीनों पर अवैध कब्जों को लेकर हाईकोर्ट में डाली गई याचिका पर गत 21 जनवरी को हुई सुनवाई के दौरान सरकार से जवाब मांगा गया था। हाईकोर्ट ने श्यामलात भूमि व वेस्ट लैंड से कब्जों को तत्काल खाली कराकर कोर्ट को रिपोर्ट पेश करने के आदेश जारी किए गए थे। इसके बाद प्रदेश की वित्तायुक्त व एसीएस सुमिता मिश्रा की ओर से प्रदेश के सभी उपायुक्तों को पत्र लिखकर इस मामले में गंभीरता से कदम उठाने के आदेश जारी किए गए थे। पत्र मिलने के बाद उपायुक्तों ने कोर्ट केस जीत चुकी पंचायतों की जमीन को तुरंत कब्जामुक्त कराकर उसे पंचायतों के सुपुर्द करने के आदेश दिए थे।

रेवाड़ी। पचायती जमीन से कब्जे हटाती जेसीबी मशीन। फोटो :हरिभूमि

निरंतर आगे बढ़ रही प्रक्रिया

पंचायत विभाग की ओर से पंचायती जमीनों पर किए गए कब्जों को हटवाने की प्रक्रिया निरंतर चल रही है। सभी बीडीपीओ को इसके लिए आदेश दिए हुए हैं। पंचायती जमीनों पर अवैध कब्जों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

-नरेंद्र सारवान, डीडीपीओ, रेवाड़ी।

डीडीपीओ की ओर यह जिम्मा बीडीपीओ को सौंपा गया था।

साठ से अधिक निर्माण अभी बरकरार

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी भी जिले में 60 से अधिक ऐसे निर्माण हैं, जिनको तुड़वाने के लिए ग्राम पंचायतें 7-वीसीएल के केस जीत चुकी हैं। अभी इन निर्माण पर पीजा पंजा शेष है। निर्माण बचाने के लिए कुछ लोग राजनीतिक आकाओं का सहारा भी ले रहे हैं। दबाव के चलते अधिकारी अपनी कार्रवाई को अंजाम नहीं दे पा रहे हैं। कुछ लोगों ने तो मकान टूटने की आशंका के चलते अपनी जमीन पर नए निर्माण करने भी शुरू कर दिए हैं।

पंचायती रास्तों तक पर काबिज

कई गांवों में प्रभावशाली लोग पंचायती रास्तों से लेकर सार्वजनिक भूमि तक पर काबिज हैं। जिन निर्माण को लेकर अदालतों में मामले लंबित हैं, उन्हें टूटने में अभी और समय लग सकता है। अदालत की ओर से जिन पंचायतों के पक्ष में फैसला सुनाया जा चुका है, वहां अप्रैल माह तक जमीन खाली कराकर पंचायतों को सौंपना अधिकारियों की मजबूरी बन चुका है। जमीन खाली होने के बाद गांवों में विकास के लिए अतिरिक्त जमीन उपलब्ध हो सकेगी।

बावल व धारूहेड़ा में हो चुका एक्शन

हाईकोर्ट की सख्ती के बाद धारूहेड़ा व बावल खंडों में अधिकारी पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध निर्माण तुड़वाकर जमीन पंचायतों के हवाले कर चुके हैं। खरखड़ा गांव में हाल ही में 4 निर्माण पर पंचायत विभाग की जेसीबी चली थी। बावल खंड में भी कई गांवों में निर्माण तोड़े जा चुके हैं। इनमें से अधिकांश निर्माण ऐसे हैं, जिन्हें तुड़वाने के लिए पंचायतों ने लंबे समय से कोर्ट में केस दायर किए हुए थे। पक्ष में फैसला आने के बावजूद इन निर्माणों को तोड़ने में देरी की जा रही थी।

इसके बाद पंचायती जमीनों पर लंबे समय से किए गए पुख्ता कब्जों को तोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई, परंतु अभी तक सभी कब्जों को खाली नहीं कराया जा सका है। पंजाब विलेज कॉमन लैंड एक्ट-1961 की धारा 7 के तहत लंबे समय से जिले में 200 से अधिक केस पेंडिंग हैं। इनमें से 36 ग्राम पंचायतें कोर्ट केस जीत चुकी हैं। इन पंचायतों में से कुछ की जमीन को खाली कराया जा चुका है, परंतु अभी कई एकड़ जमीन कब्जों की चपेट में है। बावल खंड में पंचायत विभाग की ओर से मंगलवार को भी कब्जा हटवाने की कार्रवाई अमल में लाई गई। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।

लोडेड रिवाल्वर के साथ काबू किया वांटेड अपराधी

रेवाड़ी। गिरफ्तार किया गया आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना रामपुरा पुलिस ने कुठली मोड़ पर लोडेड रिवाल्वर के साथ खड़े वांटेड अपराधी को गिरफ्तार किया है। रिवाल्वर में पांच गोलियां डाली हुई थीं। हथियार बरामद होने के बाद उसके खिलाफ ऑर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि गुलाबपुरा निवासी धीरज उर्फ दुधिया रिवाल्वर लेकर कुठली मोड़ पर के पास खड़ा है। वह एक आपराधिक मामले में वांछित है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम प्राइवेट गाड़ी से मौके पर पहुंच गई। इससे पहले कि दुधिया कुछ समझ पाता, पुलिस ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से रिवाल्वर मिला। रिवाल्वर के चैंबर में पांच कारतूस मिले। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पूछताछ के दौरान उससे हथियार सप्लाई के बारे में पता लगाया जाएगा।

जिला परिषद सीईओ की पत्नी का निधन

धारूहेड़ा। जिला परिषद के सीईओ प्रदीन कुमार की धर्मपत्नी अखिलेश कुमारी का 46 साल की उम्र में निधन हो गया। अखिलेश कुमारी पिछले करीब 3 साल से कैंसर रोग से ग्रस्त थी। वह राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थीं। मंगलवार सायं धारूहेड़ा में उनकी अंत्येष्टि कर दी गई। डीसी अभिषेक मीणा, एसडीएम सुरेंद्र कुमार, एसडीएम को सलीविजय यादव, डीडीपीओ नरेंद्र सारवान, चेयरमैन कंवर सिंह, जेपी यादव, पीओ अर्जुन गुप्ता, राजस्थान पुलिस के अधिकारी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शोक जताया और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाई।

- अखिलेश कुमारी पिछले करीब 3 साल से कैंसर रोग से ग्रस्त थी

रोडवेज तालमेल कमेटी के आरोपों को नकारा ऑपरेटर ने लगाए मनमानी करने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

फर्रुखनगर वाया पटौदी मार्ग पर चल रही प्राइवेट बस के ऑपरेटर ने रोडवेज तालमेल कमेटी की ओर से एक दिन पूर्व लगाए गए टाइमिंग को लेकर आरोपों को पूरी तरह झूठ का पुलिंदा करार दिया है। साथ ही ऑपरेटर ने दावा कि है कि उसकी बस के टाइम पर रोडवेज के कर्मचारी मनमानी करते हैं। इस मामले में उसकी ओर से दर्ज कराई शिकायत पर बस चालक और परिचालक जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित तक नहीं हुए, जिस कारण उन्हें वर्क्स मैनेजर की ओर से पत्र भी जारी किया गया है। रोडवेज तालमेल कमेटी की ओर से गत सोमवार को आरटीए स्टाफ पर फर्रुखनगर रूट पर चलने वाली प्राइवेट बसों के टाइमिंग को लेकर सवाल उठाए थे। बस संचालक नरवीर ने बताया कि रोडवेज के कुछ कर्मचारी उसे जानबूझकर परेशान कर रहे हैं। उसकी बस निर्धारित समय पर चलने के बावजूद चालक और परिचालक रोडवेज बस को आगे-पीछे रखते हैं, जिस कारण उसकी बस को सवारियां नहीं मिल पातीं। बसों की टाइमिंग रोडवेज व आरटीए अधिकारी ही तय करते हैं। कुछ कर्मचारियों की मनमानी के चलते उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

रेवाड़ी। सामान्य बस स्टैंड का फोटो। फोटो :हरिभूमि

जांच में शामिल नहीं हुए कर्मचारी

दूसरी ओर नरवीर की ओर से परिवहन विभाग के प्रधान सचिव को भेजी गई शिकायत की जांच कराने के लिए वर्क्स मैनेजर को सक्षम अधिकारी नियुक्त किया गया था। वर्क्स मैनेजर की ओर से रोडवेज चालक उधम सिंह व परिचालक प्रवीण को विभागीय जांच में शामिल होने के लिए बुलाया गया था, लेकिन दोनों जांच में शामिल नहीं हुए। वर्क्स मैनेजर की ओर से पत्र लिखकर दोनों को 17 अप्रैल को जांच में शामिल होने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

फाइनेंस कंपनी का रिकवरी कर्मचारी नकदी लेकर फरार

- एसपी के आदेश पर दर्ज किया केस

रेवाड़ी। महिलाओं को स्वरोजगार के लिए लोन देने वाली फाइनेंस कंपनी का एक रिकवरी कर्मचारी खाताधारकों की हजारों रुपये राशि और कंपनी का टैब लेकर फरार हो गया। शिकायत देने के बाद भी पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज नहीं किया। अब एसपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इंडसइंड बैंक की सहायक भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन कंपनी की रेवाड़ी शाखा के प्रबंधक मुनेश राणा ने एसपी को प्रेषित पत्र में बताया कि उसकी कंपनी महिलाओं को स्वरोजगार के लिए लोन मुहैया कराती है। कंपनी का एक एक कर्मचारी भिवानी के कासनी कलां निवासी सुमित कुमार काफी समय से कार्य कर रहा था। वह लोगों को पैसे देने व रिकवरी करने का कार्य करता था। राणा ने आरोप लगाया कि वह गत वर्ष दिसंबर माह तक सदस्यों से वसूली गई लगभग 93 हजार रुपये की राशि कंपनी में जमा कराने की बजाय खुद हड़प कर गया। वह कंपनी का टैब व दो बायोमैट्रिक स्कैनर लेकर फरार हो गया। 7 दिसंबर 2024 को उसके अचानक कंपनी छोड़कर चले जाने के बाद मेंबरों से बातचीत की, तो राशि हड़पने का पता चला।

पुलिस ने दर्ज नहीं किया केस

राणा ने एसपी को लिखे पत्र में बताया कि सुमित के कंपनी से गायब होने के बाद मॉडल टाउन थाना पुलिस को 18 दिसंबर को शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके बावजूद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज नहीं किया। एसपी ने उसकी शिकायत को मॉडल टाउन थाने कार्रवाई के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गबन का केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

सैनिक स्कूल की बैठक में गतिविधियों पर चर्चा, भावी योजनाओं को हुआ मंथन

रेवाड़ी। बैठक में भाग लेते व परेड का निरीक्षण करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल रेवाड़ी में आज 25 मार्च 2025 मंगलवार को स्थानीय प्रशासनिक बोर्ड की 16वीं बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक की अध्यक्षता स्थानीय प्रशासनिक बोर्ड के चेयरमैन एयर वाइस मार्शल मनमीत सिंह, वरिष्ठ प्रशासन प्रभार-अधिकारी, मुख्यालय पश्चिमी वायु कमान नई दिल्ली द्वारा द्वारा की गई। इनके साथ ग्रुप कैप्टन शरद आर. केसकर, कमान शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय पश्चिमी वायु कमान, नई दिल्ली भी उपस्थित रहे। विद्यालय आगमन पर विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने एलबीए चेयरमैन एयर वाइस मार्शल मनमीत सिंह व बोर्ड सदस्यों का स्वागत किया। एलबीए चेयरमैन एयर वाइस मार्शल मनमीत सिंह के विद्यालय आगमन के पश्चात विद्यालय एनसीसी कैडेट्स के द्वारा सभा अध्यक्ष को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। स्थानीय प्रशासनिक बोर्ड की बैठक में बोर्ड के सदस्यों व प्रतिनिधियों के रूप में ग्रुप कैप्टन शरद आर. केसकर, कमान शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय पश्चिमी वायु कमान, नई दिल्ली, सुरेंद्र सिंह, एचसीएस, एसडीएम, रेवाड़ी, सासंद राव इन्द्रजीत सिंह के निजी सचिव ब्रह्मदत्त, कर्नल अमन यादव, कल्याण अधिकारी, कपिल पूनिया जिला शिक्षा अधिकारी, सतेन्द्र सिंह एक्सईएन पीडब्ल्यूडी, विनोद कुमार उप विभागीय अधिकारी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, दिनेश सांगवान अप विभाग अधिकारी पीडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग, एजाज अहमद खान, उप विभागीय अधिकारी, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, कनिष्ठ अभियंता हीरालाल, मनीष, ललित, पप्पू कटारिया, जितेंद्र, प्रवीण कुमार, कैडेट-अभिभावक प्रतिनिधि के साथ विद्यालय प्राचार्य कैप्टन बृजकिशोर, उप-प्राचार्या विंग कमाण्डर सुनैना चाहार, विद्यालय प्रशासनिक अधिकारी मेजर जयसिंह भी उपस्थित रहे। एयर वाइस मार्शल मनमीत सिंह ने विद्यालय के विभागाध्यक्षों से परिचय प्राप्त कर बातचीत की।

पावर प्रेजेंटेशन से हुआ बैठक का आरंभ

विद्यालय में आयोजित स्थानीय प्रशासनिक बोर्ड की वित्त वर्ष 2024-25 में दूसरी बार स्थानीय प्रशासनिक बोर्ड की बैठक का आरंभ सभा-सचिव व विद्यालय प्राचार्य के द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से किया गया और उसके पश्चात सभी सदस्यों के समक्ष वित्त वर्ष 2024-25 में विद्यालय की शैक्षिक, प्रशासनिक, नवनिर्माण व लेखा संबंधी गतिविधियों पर चर्चा की गई। वहीं आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भावी योजनाओं, गतिविधियों व बजट के प्रारूप के बारे में विचार रखकर बोर्ड सदस्यों की अनुशंसा ली गई।

सड़क हादसे में पति की मौत पत्नी गंभीर रूप से घायल

रेवाड़ी। जैसलमेर नेशनल हाइवे पर मंगलवार सुबह सूंदरोज के पास एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार पति ट्रक के नीचे कुचला गया, जबकि उसकी पत्नी दूर गिरकर घायल हो गई। रामपुरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। राजस्थान के हुड़िया कलां निवासी सतपाल अपनी पत्नी प्रियंका के साथ बाइक पर टपूकड़ा जाने के लिए घर से निकले थे। नेशनल हाइवे पर जब वह सूंदरोज फ्लाईओवर पर पहुंचे, तो पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। प्रियंका बाइक से दूर जाकर गिर गई। सतपाल ट्रक के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

'फुले' में है सामाजिक बदलाव की कहानी...

नई दिल्ली। हाल ही में फिल्म 'फुले'का ट्रेलर रिलीज हुआ है। यह फिल्म एक बायोग्राफिकल ड्रामा है। इस फिल्म के ट्रेलर में अभिनेत्री पत्रलेखा, अभिनेता प्रतीक गांधी, महात्मा ज्योतिराव फुले और उनकी सावित्रीबाई फुले के किरदारों में नजर आ रहे हैं। ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले किस प्रकार समाज में क्रांति लेकर आए, उन्होंने महिलाओं, दलितों के लिए बदलाव की राह तैयार की, इन्हीं बातों की झलक ट्रेलर में नजर आती है। अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'फुले' में प्रतीक गांधी ने ज्योतिराव फुले और पत्रलेखा ने उनकी पत्नी ज्ञानज्योति सावित्रीबाई फुले की भूमिका निभाई है।



लाइफ Style

रश्मिका

मील का पत्थर साबित होगी 'सिकंदर'

सलमान खान और रश्मिका मंदाना अभिनित फिल्म सिकंदर इस महिने की 30 तारीख को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का प्रमोशन जोरो-शोरो से चल रहा है। फिल्म प्रमोशन के दौरान रश्मिना ने सिकंदर की जमकर तारीफ की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में सलमान के साथ पहली बार रश्मिका मंदाना की जोड़ी नजर आएगी, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद भी आ रही है। वहीं, फिल्म का प्रमोशन लगातार चल रहा है और इसी बीच रश्मिका ने सलमान की जमकर तारीफ की, जिसे सुनकर भाईजान के फैंस जरूर खुश हो जाएंगे। टॉलीवुड और बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना लगातार लगातार कई हिट फिल्में देती आई हैं, जिसमें रणबीर कपूर के साथ 'एनिमल' और अल्लू अर्जुन के साथ 'पुष्पा 2 द रूल' शामिल हैं। वहीं अब उन्होंने बॉलीवुड दबंग खान के साथ काम करने के अपने अनुभव को लेकर अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है। रश्मिका मंदाना ने सलमान की तारीफ करते हुए कहा कि उनके साथ फिल्म 'सिकंदर' में काम करना, उनके लिए बेहद सम्मान की बात है, क्योंकि वह बॉलीवुड के एक ऐसे अभिनेता हैं, जिन्हें हर कोई पसंद करता है और वह भारतीय सिनेमा में सबसे प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक हैं। साउथ की कई बेहतरीन फिल्मों के बाद अब बॉलीवुड फिल्मों में कदम जमा चुकीं रश्मिका का मानना है कि फिल्म सिकंदर उनके कॅरियर के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

हॉलीवुड मसाला

'द डोनट ब्रदर्स' पुकारती हैं मालती

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के पति और सिंगर निक जोनस ने हाल ही में अपनी 3 साल की बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि वह जोनस ब्रदर्स की महानता को समझती हैं कि नहीं। वहीं, सिंगर ने शेयर किया कि मालती उनके ग्रुप को जोनस की जगह डोनट ब्रदर्स पुकारती हैं। निक जोनास ने यह भी बताया कि वह उनके भाई जो जोनास को 'गो' कहकर बुलाती हैं। जोनस ब्रदर्स की पॉपुलैरिटी पर बेटी मालती मैरी के रिएक्शन पर बात करते हुए निक जोनस ने कहा, 'मेरी बेटी एक जागरूक है।

पत्रकारों और डायरेक्टर्स ने मिलकर बनाई 'नो अदर लैंड'

लॉस एंजिल्स। डॉक्यूमेंट्री 'नो अदर लैंड' के लिए, हमदान बल्लाल ने युवल अब्राहम और साथी फिलीस्तीनी फिल्म निर्माता बेसल अद्रा और इजरायली सिनेमेटोग्राफर, एडिटर और डायरेक्टर राहेल सोर के साथ मिलकर काम किया। 'नो अदर लैंड' का वर्ल्ड प्रीमियर 2023 बर्लिनले में हुआ था, जहां इसने ऑडियंस अवॉर्ड और बर्लिनले डॉक्यूमेंट्री अवॉर्ड जीता। हालांकि, युवल अब्राहम ने अपने भाषण में इजरायल में 'रंगभेद की स्थिति' की आलोचना करने और गाजा में युद्ध विराम का आह्वान किया था, जिस कारण विवाद हो गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, युवल अब्राहम को मौत की धमकियां मिली हैं और उन पर यहूदी विरोधी होने का आरोप लगाया। 'नो अदर लैंड' में इजरायली सैनिकों के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के मासफर यट्टा में विनाश को दिखाया गया है। डॉक्यूमेंट्री के को-डायरेक्टर बेसल अद्रा ने हमदान बल्लाल को हिरासत में लेकर जाते हुए देखा।



'छोरी-2' में नजर आया खौफनाक मंजर...

मुंबई। साल 2021 में फिल्म 'छोरी'ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई। इसमें एक सामाजिक कुरीति को भूतों की कहानी के साथ जोड़कर दिखाया गया था। अब इस फिल्म का अगला पार्ट यानी 'छोरी 2' भी ओटीटी पर रिलीज होने वाला है। इस फिल्म के हालिया रिलीज टीजर में अभिनेत्री नुसरत भरुचा नजर आ रही हैं। वह पहली फिल्म का भी हिस्सा थीं। 'छोरी 2' के टीजर में भी पिछली फिल्म की तरह की हॉरर, ड्रामा नजर आ रहा है। फिल्म 'छोरी 2' के टीजर को प्राइमवीडियोइन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर भी साझा किया है। इसके साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'एक बार फिर, वो खेत, वो खतरा और वो खौफ'। टीजर में भी यही सब बातें नजर आती हैं। नुसरत भरुचा का किरदार अपने आपको एक खेत में खौफनाक परिस्थितियों में घिरा हुआ पाता है।

'रेड-2' से आया रितेश का पहला लुक...

मुंबई। मंगलवार को फिल्म 'रेड 2' से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आ गया है, जिसमें वह कई लोगों के बीच नेता की भूमिका में नजर आ रहे हैं। पोस्टर को देखकर लग रहा है कि वह किसी चीज के खिलाफ खड़े होकर नारा लगा रहे हैं। अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' की रिलीज की घोषणा के साथ उनका पहला लुक भी सोमवार को जारी किया गया था। आज फिल्म 'रेड 2' से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आया है। इस लुक को अजय देवगन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'कानून का मोहताज नहीं, कानून का मालिक है दादा भाई'। अजय के इस कैप्शन से लग रहा है कि रितेश इस फिल्म में दादा भाई की भूमिका में नजर आएंगे। आगे अजय ने लिखा, 'रेड 2' आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 1 मई 2025।

टीवी मसाला

अभी खत्म नहीं हुआ बाबा निराला और भोपा स्वामी का खेल...

नई दिल्ली। बॉबी देओल के लिए फिल्म 'एनिमल' से पहले प्रकाश झा की वेब सीरीज 'आश्रम' ने उनकी किस्मत बदल दी थी। इस शो में वे काशीपुर वाले बाबा निराला का किरदार निभाते हैं, जो एक दुष्ट बाबा है लेकिन बाहर से संत जैसा दिखता है। अब तक एमएक्स प्लेयर पर इस शो के तीन सीजन आ चुके हैं और लोग चौथे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। चंदन रॉय सान्याल ने आश्रम के सीजन 4 को लेकर जानकारी शेयर की है। चंदन रॉय सान्याल वेब सीरीज में बाबा के खास सहायक भोपा स्वामी का रोल निभाते हैं। चंदन रॉय सान्याल ने अंग्रेजी वेबसाइट बॉलीवुड हंगामा से खास बातचीत में कहा, 'हर कोई एक ही सवाल पूछ रहा है। मुझे लगता है कि यह इस साल आ जाना चाहिए. तैयारी पूरी है। शूटिंग के कुछ हिस्से बाकी हैं और स्क्रिप्ट पर भी काम चल रहा है।' उन्होंने यह भी बताया कि जहां भी वे जाते हैं, लोग उन्हें शो की तरह 'जपनाम' कहकर बुलाते हैं। चंदन ने कहा, 'एयरपोर्ट हो या रेस्तरां, बहुत सारे लोग ऐसा कहते हैं। आश्रम' ऐसी वेब सीरीज है जो हर तरह के दर्शकों तक पहुंची है। चाहे ऑटो-रिक्शा ड्राइवर हो, बस ड्राइवर, सीआरपीएफ गार्ड, एयरपोर्ट का सिक्योरिटी गार्ड, एयर होस्टेस, या मुंबई के नानावटी हॉस्पिटल का बड़ा सर्जन, सभी 'जपनाम' कर रहे हैं। प्रकाश जी ने इसे इतने शानदार तरीके से बनाया है कि यह हर जगह पहुंच गया है। आश्रम में आदिति पोहनकर, त्रिधा चौधरी, ईशा गुप्ता, अनुप्रिया गोयनका, दर्शन कुमार जैसे कई कलाकार भी हैं।

अनोखे अंदाज में कमबैक कर रहा है अनुपमा का वनराज शाह...

नई दिल्ली। मशहूर टीवी सीरियल अनुपमा में वनराज का रोल निभाकर घर घर में पहचान बनाने वाले एक्टर सुधांशु पांडे टीवी पर जबरदस्त कमबैक कर रहे हैं। आपको बता दें कि पिछले ही साल सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को छोड़कर अपने फैंस को चौंका दिया था। कहा जा रहा है कि सुधांशु इस सीरियल को काफी सालों से कर रहे थे और उनको लग रहा था कि अब सीरियल में उनके लिए कुछ खास नहीं बचा है। ऐसे में अपने कॅरियर को नया मोड़ देने के लिए सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को बाय बाय कह दिया था। कई दिनों तक सुधांशु के बारे में कोई खबर नहीं आई, लेकिन अब उनके कमबैक की खबर ने उनके फैंस को उत्साहित कर दिया है। खबर है कि सुधांशु पांडे ने टीवी पर कमबैक करने वाले है और वो जल्द ही टीवी शो वागले की दुनिया में नजर आएंगे. इस शो में उनके किरदार का नाम रॉकी होगा और अपने नाम की तरह की सुधांशु इस सीरियल में रॉकिंग परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं।

मंच पर फफक कर रो पड़ीं

मुंबई। नेहा कक्कड़ का मेलबर्न में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट था, जहां वह तीन घंटे देरी से पहुंची। वायरल हो रहे वीडियो में दिखता है कि नेहा जैसे ही मंच पर पहुंचतीं हैं, तो फैंस उनका स्वागत करते हैं। यह देख वह अपने आंसू नहीं रोक सकीं और रो पड़ीं। साथ ही गायिका ने दर्शकों को कहा कि आप सभी बहुत प्यारे हैं। इतनी देर से आप उनका इंतजार कर रहे हैं। नेहा ने कहा कि आजतक उन्होंने किसी को इंतजार नहीं करवाया, क्योंकि उन्हें इससे नफरत है। उन्होंने इसके लिए क्षमा मांगते हुए कहा कि वह इस शाम को कभी नहीं भूलेंगी। वायरल हो रहे इस वीडियो में कुछ फैंस को गायिका के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते सुना जा सकता है। शो में देरी से आने पर एक फैंस ने कहा कि यह भारत नहीं हैं, आप ऑस्ट्रेलिया में हैं। वहीं, दूसरे फैंस ने चिल्लाया कि वापस जाओ, अपने होटल में आराम करो। इसी पर एक अन्य फैंस ने कहा कि यह इंडियन ऑयडल नहीं हैं, जहां आप बच्चों के साथ परफॉर्म कर रही हैं। इस कॉन्सर्ट से जुड़ी तस्वीरों को नेहा कक्कड़ ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। पोस्ट के कैप्शन में गायिका ने लिखा कि धन्यवाद सिडनी और मेलबर्न की रात को शानदार बताया। गायिका ने संगीत जगत में अपने कई गानों से एक खास पहचान बनाई है, जिसमें 'लंदन ठुमकदा', 'कर गई चुल', 'काला चश्मा', और 'आंख मारे जैसे गाने शामिल हैं।

इस साल रिलीज होंगे कई सीक्वल एक में हैं 15 से ज्यादा एक्टर्स...

नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसी फ्रेंचाइजी हैं जिनकी फिल्मों के सीक्वल का लोगों को इंतजार रहता है। इस साल दर्शकों को कई बड़ी फिल्मों के सीक्वल देखने को मिलेंगे, क्योंकि आगामी महीनों में अजय देवगन से लेकर अक्षय कुमार और ऋतिक रोशन जैसे बड़े स्टार्स अपनी फिल्मों के सीक्वल लेकर आ रहे हैं। हाल ही में केसरी चैप्टर 2 का टीजर जारी किया गया है। इस फिल्म में जलियावाला बाग में हुई घटना और गोलीबारी को दिखाया जाएगा। केसरी के अलावा भी इस साल कई और फिल्मों के सीक्वल और फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी आने वाली है।

रेड 2 : 2018 में आई अजय देवगन की फिल्म 'रेड'1980 में उत्तर प्रदेश में एक बाहुबली के घर पर हुई छापेमारी की असली कहानी पर आधारित थी। अब 'रेड' के लगभग 7 साल बाद मेकर्स 'रेड 2' लेकर आ रहे हैं। फिल्म की घोषणा काफी पहले ही कर दी गई थी, जिसके बाद से ही दर्शक इस फिल्म के लिए उत्साहित थे। अब कल फिल्म की नई रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। 'रेड 2' 1 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में एक बार फिर अजय देवगन इनकम टैक्स ऑफिसर अमय पटनायक की भूमिका में दिखाई देंगे।

हाउसफुल 5 : साजिद नाडियाडवाला और अक्षय कुमार की हाउसफुल फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी 'हाउसफुल 5' इस बार 6 जून को दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है। इससे पहले इस फ्रेंचाइजी की चार फिल्में रिलीज हो

चुकी हैं, जिनमें जबरदस्त कॉमेडी देखने को मिली थी ऐसे में फिल्म की पांचवीं कड़ी से भी लोगों को वैसी ही कॉमेडी की उम्मीद है। इस फिल्म में हाउसफुल के बाकी भागों की तरह एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आने वाली है। जिसमें अक्षय कुमार और रितेश देशमुख के अलावा, अभिषेक बच्चन, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, जैकलीन फर्नांडीज, चित्रांगदा सिंह, नरगिस फाकरी और चंकी पांडे समेत कई सितारे शामिल हैं।

वॉर 2 : यशराज के स्पाई यूनिवर्स की अगली कड़ी 'वॉर 2' इस साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 2019 में आई ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर स्टारर 'वॉर' की अगली कड़ी है। इस बार भी फिल्म में ऋतिक रोशन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। उनके साथ जूनियर एनटीआर इस बार दो-दो हाथ करते दिखेंगे। इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन और एडवेंचर देखने को मिल सकता है। दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

दे दे प्यार दे 2 : अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू की फिल्म 'दे दे प्यार दे'साल 2019 में रिलीज हुई थी। एक शादीशुदा और दो बच्चों के पिता के एक युवा लड़की के प्यार में पड़ने और फिर अपनी पत्नी और बच्चों से उसे मिलवाने की कहानी, इस कॉमेडी ड्रामा को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इस फिल्म का अगला भाग 'दे दे प्यार दे 2' इस साल 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है। फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा मेकर्स ने पिछले साल ही कर दी थी। 'दे दे प्यार दे 2' में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के साथ आर माधवन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

शूटिंग शुरू होने के बाद भी हो रही थी उन्हें बाहर करने की चर्चा

गब्बर के रोल के लिए पहली पसंद नहीं थे अमजद खान

आप सबको पता ही होगा की फिल्म में गब्बर का किरदार अमजद खान ने निभाया था, लेकिन क्या आपको ये पता है की गब्बर रोल के लिए अमजद खान फिल्म निर्माता की पहली पसंद नहीं थे। यहां तक की शूटिंग के दो दिन बाद अमजद खान को फिल्म से निकालने की बाते भी चलने लगीं थी। लेकिन अमजद खान ने भी अपनी एक्टिंग से सबको दिखा दिया था की उनसे बेहतर गब्बर बॉलीवुड में दूसरा नहीं होगा। आखिर फिल्म डायरेक्टर रमेश सिप्पी किस एक्टर को गब्बर किरदार में लेने की सोच रहे थे।

नई दिल्ली। जब भी बॉलीवुड में खतरनाक विलेन्स की बात होती है तो गब्बर का नाम लिस्ट में सबसे पहला नजर आता है। लेकिन आपको ये शायद ही पता होगा की गब्बर के किरदार के लिए फिल्म निर्देशक की पहली पसंद अमजद खान नहीं, बल्कि कोई और एक्टर थे। साल 1975 की कल्ट क्लासिक फिल्म शोले...जिसका नाम सामने आते ही जय-वीरू की जोड़ी तो याद आती ही है। साथ ही गब्बर के एवरग्रीन डायलाग कानों में गूंजने लगते हैं। गूंजें भी क्यों ना आखिर शोले में गब्बर का किरदार था ही इतना पावरफुल था जिसे कोई भी देखे तो जिंदगी भर ना भूल पाए।

डैनी डेन्जोंग्पा का एक्टिंग कॅरियर

सिक्किम के रहने वाले डैनी डेन्जोंग्पा ने फिल्मों में ज्यादातर विलेन किरदार निभाकर सिनेमा में अपनी पहचान बनाई। डैनी ने बॉलीवुड में अपना करियर साल 1971 की फिल्म जरूरत में छोटे रोल से किया, जो 1972 में रिलीज हुई थी। डैनी साल 1973 की फिल्म धुंध में पहली बार नेगेटिव रोल में नजर आए। दो रंग (1979), अंदर बाहर (1984), आंधी तूफान (1986), भगवान दादा (1986), अग्निपथ (1990), हम (1992), क्रांतिवीर (1994), घातक (1996) और पुकार (2000) डैनी डेन्जोंगपा की यादगार फिल्मों में से एक हैं। इसके अलावा एक्टर आखरी बार साल 2022 की फिल्म ऊंचाई में नजर आए। डैनी साल 1992 की फिल्म 'सनम बेवफा' और साल 1993 की फिल्म खुदा गवाह के लिए फिल्मफेयर बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर अवार्ड जीते।

ये बैड मैन थे डायरेक्टर की पहली पसंद

फिल्म मेकर रमेश सिप्पी डैनी डेन्जोंग्पा को बतौर गब्बर फिल्म में साइन करना चाहते थे, लेकिन डैनी डेन्जोंग्पा ने धर्मात्मा फिल्म में अपने पॉजिटिव रोल के लिए शोले ठुकरा दी थी और शोले रिलीज होने के बाद डैनी ने बताया कि उन्हें इस फैसले पर कोई अफसोस नहीं है। क्योंकि, कोई भी लेजेंडरी विलेन का रोल अमजद खान से बेहतर नहीं कर सकता था।

खबर संक्षेप

घर से रात के समय लापता हुई नाबालिग

कोसली। क्षेत्र के एक गांव से दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक नाबालिग लड़की सोमवार रात बिना किसी को बताए घर से लापता हो गई। लापता लड़की के पिता ने नाहड़ पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि सोमवार रात उनकी लड़की परिवार के साथ घर में सो रही थी। रात लगभग 1:30 बजे उनकी पत्नी ने उठकर देखा वह बिस्तर पर नहीं मिली। उन्होंने अपने स्तर पर आस-पास व गांव में उसकी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया।

मजदूरी करने के लिए निकला युवक लापता

रेवाड़ी। पीवरा की ढाणी में रह रहा मूल रूप से यूपी निवासी एक श्रमिक घर से मजदूरी के लिए निकलने के बाद लापता हो गया। पुलिस शिकायत में अरुण दुबे ने बताया कि उसका भाई पवन उसी के साथ पीवरा की ढाणी में रह रहा है। वह मजदूरी का कार्य करता है। 18 मार्च को वह घर से मजदूरी करने के लिए निकला था। इसके बाद वापस नहीं आया। उसके पास मोबाइल फोन भी नहीं है। उसके घर नहीं लौटने के बाद कई स्थानों पर उसकी तलाश की गई, परंतु उसका कोई पता नहीं चल सका।

स्कॉर्पियो की टक्कर से महिला की मौत

रेवाड़ी। गोकलगढ़ की हरिजन बस्ती में मंगलवार सुबह सड़क पर टहलने के लिए निकली महिला की स्कॉर्पियो की गाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने उसके बेटे के बयान पर केस दर्ज करने के बाद गाड़ी चालक की तलाश शुरू कर दी। हरिजन बस्ती में रहने वाली संतोष देवी सुबह करीब साढ़े 6 बजे सड़क पर टहलने के लिए निकली थी। इसी दौरान सड़क किनारे चल संतोष को एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी ने टक्कर मार दी। इस हादसे में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके बेटे प्रीतम ने मौके पर जाकर देखा तो उसकी मां के कान व मुंह से खून बह रहा था। उसने अपनी मां को तुरंत शहर के एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज करते हुए शव का सामान्य अस्पताल से पोस्टमार्टम करा दिया।

पापमोचनी एकादशी पर की विष्णु की अर्चना

रेवाड़ी। भगवान श्री हरि विष्णु को समर्पित पापमोचनी एकादशी श्रद्धालुओं द्वारा मंगलवार को विधि-विधान से व्रत रखकर मनाई गई। दैनिक कार्यों से निवृत होकर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मंदिर पहुंचकर भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। यह तिथि श्री हरि विष्णु की पूजा के लिए बहुत उत्तम मानी जाती है। मान्यता है कि इस दिन भक्त व्रत रखते हैं और विधिवत पूजा-पाठ करते हैं। ज्योतिषाचार्य विजय शर्मा का कहना है कि इस उपवास का पालन करने से सभी पापों से छुटकारा मिलता है। जो भक्त इस दिन भक्तिपूर्ण व्रत रखते हैं और पापमोचनी एकादशी व्रत कथा का पाठ करते हैं, उन्हें धन-वैभव और अपार यश की प्राप्ति होती है।

रेवाड़ी अनाजमंडी में खरीदी गई 68 एमटी सरसों, कोसली में शुरू हुई खरीद

मंडियों में सरसों की आवक ने जोर पकड़ा कोसली में एमएसपी पर पहली बार खरीद

- कोसली मंडी में सरसों की आवक 20 मार्च से ही शुरू हो गई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी/कोसली

रेवाड़ी। अनाजमंडी के बाहर लगी सरसों से भरे ट्रैक्टरों की कतार तथा अनाजमंडी में सरसों की नमी जांचते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

सरसों निकालने का कार्य गति पकड़ने के साथ ही मंडियों में आवक भी तेज हो गई है। मौसम साफ रहने के कारण नमी कम होने से सरसों की एमएसपी पर खरीद ने भी जोर पकड़ना शुरू कर दिया है। कोसली अनाजमंडी में मंगलवार को पहली बार सरसों की सरकारी खरीद शुरू हुई।

अनाजमंडी में सुबह से ही सरसों लाने वाले ट्रैक्टरों की लंबी लाइन लगना शुरू हो जाता है। इस बार एक ही लाइन बनाने के कारण सड़क पर जाम जैसे हालात नहीं बने हैं, लेकिन अगर आवक बढ़ती है तो इससे जाम की समस्या भी खड़ी हो सकती है। मंगलवार को रेवाड़ी अनाजमंडी में सरसों की आवक तो कई क्विंटल हुई, परंतु अधिक नमी वाली सरसों को एमएसपी पर नहीं खरीदा गया। खरीद एजेंसी हैफेड ने 365 किसानों की 6750 क्विंटल सरसों की खरीद की। सरकारी एजेंसिया 8 फीसदी नमी वाली सरसों ही खरीद रही हैं। जो किसान खेत में फसल निकालने के बाद तुरंत मंडियों में सरसों लेकर आ रहे हैं, उनकी सरसों में 12 से 15 फीसदी तक नमी पाई जा रही है। बड़ी संख्या में किसान मंडियों में ही सरसों सुखाते हैं। जब नमी का स्तर कम हो जाता है, तो ही उनकी सरसों एमएसपी पर बिक पाती है। दूसरी ओर बावल अनाजमंडी में भी सरसों की सरकार खरीद जारी है। इस बार मार्केट कमेटी की ओर से अनाजमंडी में किसानों की सुविधा के सभी इंतजाम किए हुए हैं, जिस कारण मंडी में आने वाले किसानों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

पांच दिन पूर्व शुरू हुई आवक

कोसली। स्थानीय अनाजमंडी में सरसों की आवक 20 मार्च से ही शुरू हो गई थी, परंतु नमी का स्तर अधिक होने के कारण खरीद एजेंसी वेयरहाउस ने खरीद शुरू नहीं की थी। मंगलवार को पहली बार मंडी में सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो गई। मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र यादव ने बताया कि अब तक 1214 टोकन व 23777 क्विंटल सरसों के गेट पास जारी किए चुके हैं। आवक बढ़ने के साथ ही आने वाले दिनों में टोकन की संख्या भी बढ़ जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की वह मंडियों में अपनी फसल सुखाकर लाएं, ताकि उन्हें परेशानी का सामना नहीं करना पडे।

रेवाड़ी। अनाजमंडी में सरसों से भरे वाहनों के कारण लगा जाम।

दस हजार क्विंटल की खरीद

कोसली अनाजमंडी में मंगलवार शाम तक 10 हजार क्विंटल सरसों की खरीद की गई। वेयरहाउस के खरीद अधिकारी नवल यादव ने बताया कि सरसों में नमी की मात्रा ज्यादा होने के कारण खरीद कम की जा रही है। इस अवसर पर एनसीसीएफ के प्रतिनिधि रसपाल सिंह, मार्केट कमेटी के सहायक सचिव जितेंद्र यादव, मंडी आक्शन रिकार्डर सुरेन्द्र कुमार, राजेश कुमार, मंडी एसोसिएशन के दिनेश गोयल, कपिल यादव, प्रमोद गर्ग, अजय सिंगला, धीरज यादव, सुभाष शर्मा, हंसराज सिंगला, अजयपाल यादव, रामबीर सहित मंडी के आढती मौजूद थे।

रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ व अतिथि। फोटो : हरिभूमि

विद्यार्थियों को दी प्राकृतिक चिकित्सा की जानकारी

- इग्नू के योग विभाग के तहत साप्ताहिक राष्ट्रीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के योग विभाग द्वारा आयोजित साप्ताहिक राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन विशेषज्ञ के रूप में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली के सहायक प्राध्यापक डॉ. रमेश कुमार ने विद्यार्थियों को प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व और उपयोगिता के बारे में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश समझाए।

उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में लोग अपने काम, परिवार और सामाजिक जीवन के बीच संतुलन बनाने में असमर्थ हो रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्वास्थ्य संबंधित नई समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा को एक ऐसी सशक्त विधि बताया जो शरीर की प्राकृतिक शक्तियों को बढ़ावा देती है और रोगों को ठीक करने के लिए प्रकृति के संसाधनों का उपयोग करती है। यह केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारने में ही नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को भी संतुलित करने का एक प्रभावी उपाय है। इस अवसर पर कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए डॉ. मुकेश राजनीति विज्ञान ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा आज के समय की एक आवश्यकता बन चुकी है, क्योंकि यह न केवल शरीर को सशक्त बनाती है, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी सुधारती है। प्रोफेसर एन.पी. गिरी और कार्यशाला को-ऑर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह राजपूत ने डॉ. रमेश कुमार को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमनदीप द्वारा किया गया। इस दौरान प्रोफेसर एन.पी. गिरी, योग शिक्षक अमित कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। विद्यार्थियों को योग और प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व को समझने और इसे अपने जीवन में लागू करने की प्रेरणा दी।

नाहड़ सीएचसी में विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहड़

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता डा. मनीष कुमार एसएमओ तथा डेंटल सर्जन डा. मंजुलता ने की। वर्ल्ड ओरल हेल्थ-डे मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों को उनकी ओरल हेल्थ और ओरल हाइजीनिक के प्रति जागरूक करना है।

उन्होंने बताया कि जागरूकता बढ़ने के बावजूद भी बड़ी संख्या में लोग अब भी मुंह की स्वच्छता को अनदेखा कर रहे हैं। डा. मंजूलता ने बताया कि ओरल हेल्थ का ध्यान सिर्फ दांतों और मसूड़ों की सेहत तक ही सीमित नहीं है। मौखिक स्वच्छता से गड़बड़ी के कारण ब्रेन और हार्ट हेल्थ पर भी नकारात्मक असर हो सकता है।

नाहड़। कार्यक्रम में मौजूद लोग व डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

दांत बनाते हैं खूबसूरत

जयबीर सिंह इएए ने बताया कि स्वस्थ और चमकते दांत न केवल आपकी मुस्कान को खूबसूरत बनाते हैं बल्कि संपूर्ण सेहत के लिए भी बेहद जरूरी होते हैं। दांतों में किसी भी समस्या का समय रहते इलाज किया जा सकता है और आपके दांत लंबे समय तक स्वस्थ रहेंगे। इस अवसर पर बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा वर्कर व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

मांगों को लेकर एबीवीपी ने यूनिवर्सिटी में किया विरोध प्रदर्शन, वाइस चांसलर का पुतला जलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय इकाई ने विद्यार्थी हितों की कुछ मांगों को लेकर मंगलवार को प्रदर्शन करते हुए वाइस चांसलर का पुतला जलाया। इस मौके पर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी भी की।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक युधिष्ठर धनखड़ ने बताया कि कुलपति कई-कई दिन तक अपने निजी कार्यों के लिए विश्वविद्यालय से बाहर रहते हैं, परंतु विद्यार्थियों की समस्याओं के लिए उनके पास समय नहीं है। विद्यार्थियों की परेशानियों के लिए अपने पियोन को आगे करते हैं और उनकी समस्याओं का निवारण नहीं करते। इन्होंने पिछले तीन सालों से विश्वविद्यालय में कोई कार्य नहीं कराया। अभाविप द्वारा कई बार बस की समस्याओं की मांग को उठाया, परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन इसे बार-बार अनदेखा कर रहा है वह इस डिजिटल जमाने में भी विश्वविद्यालय में वाई फाई की व्यवस्था नहीं है। अभाविप जिला संयोजक तरुण यादव ने बताया कि विद्यार्थी प्राइवेट सेक्टर में पढ़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास ने बताया कि आज विश्वविद्यालय में कुलपति से नाराज विद्यार्थियों ने कुलपति का पुतला फूंका।एबीवीपी ने चोतवनी दी है कि सभी समस्याओं का निवारण नहीं होता है तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए अस्थायी आंदोलन व भूख हड़ताल करेगी इस मौके पर प्रवेश, पुजा, अनीशा, मनीषा, विकास व कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रेवाड़ी। वीसी का पुतला जलाते हुए एबीवीपी के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

विद्यार्थियों को दिया अग्निशमन यंत्रों का प्रशिक्षण

रेवाड़ी। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में मंगलवार को अग्निशमन यंत्र का प्रशिक्षण दिया गया।

प्राचार्य मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अग्निशमन अधिकारी आशीष कुमार ने विद्यार्थियों को अग्निशमन यंत्र की कार्यप्रणाली एवम् प्रयोग करने के तरीके से अवगत कराया। उन्होंने अग्निशमन यंत्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अग्नि शमन यंत्र एक हस्त चलित बेलनाकार यंत्र होता है जिसमे एक घटक होता है जिसे अग्नि शमन के लिए छोड़ा जाता है। उन्होंने अग्नि शमन यंत्र को आपात स्थिति में प्रयोग करने से पहले बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत करवाते हुए प्रायोगिक तरीके से विद्यार्थियों को घटक छोड़ने का प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर एसएमसी सदस्य कैप्टन फकीर चन्द, अध्यापक रविंद्र कुमार सैनी, मुकेश कुमार सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

सरकारी स्कूल में दाखिलों के लिए किया प्रेरित

नाहड़। गांव के शहीद जीतराम राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की ओर से गांव कोहारड़ व झोलरी में मंगलवार को नामांकन अभियान चलाया गया। दाखिला प्रक्रिया की नोडल अधिकारी वरिष्ठ प्रवक्ता उगेश यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने कोहारड़ राजकीय हाई स्कूल व झोलरी राजकीय हाई स्कूल में कक्षा मैट्रिक की परीक्षा दे चुके विद्यार्थियों के अभिभावकों से एवं उपरोक्त विद्यालयों के मुख्य अध्यापकों से संपर्क किया और 11वीं कक्षा में नाहड़ विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए उन्हें प्रेरित किया।

जनजातीय समाज में शोध की आवश्यकता पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

वनवासी कल्याण आश्रम की जिला इकाई और इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय संयुक्त तत्वावधान में 'जनजातीय समाज में शोध की आवश्यकता: सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी के दृष्टिकोण' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय समाज की परंपराओं, चुनौतियों और विकास की संभावनाओं पर शोध को बढ़ावा देना था।

इस विचार गोष्ठी में समाजशास्त्र, मानवशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, साहित्य, भाषाविज्ञान, आयुर्वेद और पर्यावरण अध्ययन से जुड़े शिक्षाविदों, शोधार्थियों और छात्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में सामाजिक संरचना और पारंपरिक शासन प्रणाली, वैश्वीकरण के प्रभाव और जनजातीय पहचान, महिलाओं और लैंगिक भूमिकाओं में परिवर्तन, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय योगदान, संविधान में जनजातीय अधिकार एवं नीतिगत संरचनाएं, जनजातीय अर्थव्यवस्था, कृषि और आजीविका के पारंपरिक साधन, जनजातीय समुदायों में मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षा के अवसर, भाषाई विविधता, मौखिक परंपराएँ और मीडिया की भूमिका तथा आयुर्वेद, पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां और वन संरक्षण में जनजातीय योगदान विषयों पर चर्चा हुई।

भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

इस विचार गोष्ठी ने भारत की समावेशी विकास यात्रा में जनजातीय समाज की महत्ता को रेखांकित किया। भारत की प्रगति तब तक अधूरी है जब तक हमारे वनवासी समुदाय सशक्त नहीं होते। वे हमारे प्राकृतिक संसाधनों, सांस्कृतिक धरोहर और परंपरागत ज्ञान के संरक्षक हैं। इसीलिए, उनका विकास मात्र एक नैतिक उत्तरदायित्व नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता भी है।

शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

गांव के पंचायत घर में मंगलवार को रेवाड़ी के एक निजी अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बाबा मुक्तेश्वरपुरी मठ के महंत शिवपुरी महाराज व सरपंच रामकिशन जांगडा ने किया। शिविर में चर्मरोग विशेषज्ञ डा स्मिता एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डा मनीष शर्मा ने मरीजों के जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, ब्लड प्रेशर, शुगर, स्कीन एलर्जी, दाद, खाज, खुजली, मौसम में होने वाले बदलाव के कारण होने वाली वायरल सर्दी, बुखार की जांच की। इस अवसर पर ओमप्रकाश डाबला, कृष्ण कुमार, सतबीर सिंह, संदीप कुमार, दयावान, बीरेंद्र सिंह, इंदरजीत, कैलाश, बीर सिंह मौजूद थे।

कोसली। शिविर में मरीजों की जांच करते हुए डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

ग्राम पंचायत मस्तापुर
खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)
निविदा सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मस्तापुर खण्ड जाटूसाना में पंचायत स्तर पर डोर टू डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण एवं निपटान किया जाना है। उक्त कार्य करने को इच्छुक फर्म अपनी कार्य कुटेशन सरपंच के पास 07.04.2025 तक जमा करवा सकती है। प्राप्त कुटेशन का अवलोकन ग्राम स्तरीय कमेटी व पंचायत की मौजूदगी में दिनांक 17.04.2025 को किया जाएगा।
नोट : दिनांक 07.04.2025 के बाद किसी भी प्रकार की कुटेशन मान्य नहीं होगी।
हस्ता/- दिक्षा, सरपंच, ग्राम पंचायत मस्तापुर
खण्ड जाटुसाना (रेवाड़ी) , मो. 9991864615

ग्राम पंचायत राजावास
खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)
निविदा सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत राजावास खण्ड जाटूसाना में पंचायत स्तर पर डोर टू डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण एवं निपटान किया जाना है। उक्त कार्य करने को इच्छुक फर्म अपनी कार्य कुटेशन सरपंच के पास 08.04.2025 तक जमा करवा सकती है। प्राप्त कुटेशन का अवलोकन ग्राम स्तरीय कमेटी व पंचायत की मौजूदगी में दिनांक 14.04.2025 को किया जाएगा।
नोट : दिनांक 08.04.2025 के बाद किसी भी प्रकार की कुटेशन मान्य नहीं होगी।
हस्ता/- संगीता, सरपंच, ग्राम पंचायत राजावास
खण्ड जाटुसाना (रेवाड़ी) , मो. 9466696018

सरपंच ग्राम पंचायत बेरली खुर्द
खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)
निविदा सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बेरली खुर्द, खण्ड जाटूसाना में पंचायत स्तर पर डोर-टू-डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण एवं निपटान किया जाना है। उक्त कार्य करने को इच्छुक फर्म अपनी कार्य कुटेशन सरपंच ग्राम पंचायत बेरली खुर्द के पास 31.03.2025 तक जमा करवा सकती है। प्राप्त कुटेशन का अवलोकन ग्रामस्तरीय कमेटी व पंचायत की मौजूदगी में दिनांक 01.04.2025 (प्रातः 11:00 बजे) किया जाएगा। बाद में कोई भी कुटेशन स्वीकार नहीं होगी। नियम व शर्तें दिनांक 01.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे मौके पर बता दी जाएगी।
हस्ता/- किशनपाल सिंह, सरपंच, ग्राम पंचायत बेरली खुर्द
खण्ड जाटुसाना (रेवाड़ी) , मो. 9416302756

आयोजन डीसी अभिषेक मीणा व एसपी डॉ. मयंक गुप्ता ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

सड़क सुरक्षा के लिए किए जाएं सभी आवश्यक इंतजाम : अभिषेक मीणा

जिले से निकल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे वाहन खड़ा करने से दुर्घटना का बना रहता है अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रेवाड़ी। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मौजूद अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

डीसी एवं चेयरमैन जिला सड़क सुरक्षा समिति अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में सड़क सुरक्षा को लेकर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सड़क सुरक्षा के लिहाज से ब्लैक स्पॉट, जहां दुर्घटना होने का अंदेशा हो, की पहचान करके उन बिंदुओं को ठीक करने पर जोर दिया गया। डीसी ने कहा कि सड़क सुरक्षा आम आदमी की जान से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीसी ने बैठक में प्रस्तुत किये गए एजेंडा पर चर्चा करते हुए कहा कि जिला से निकल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे वाहन खड़ा करने से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। उन्होंने सडक सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा के दौरान पुलिस व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों के दोनों ओर बनाए गए ढाबों की जांच की जाए और यदि कोई ढाबा बिना अनुमति के बनाया गया है तो उन पर निर्धारित नियमों के तहत त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन के जीवन की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए यह सुनिश्चित करें कि जिला के किसी भी मार्ग पर ब्लैक स्पॉट ना हो।

सुरक्षित वाहना पॉलिसी की करवाएं पालना

डीसी ने कहा कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत सभी स्कूल की बसों की जांच की जाए। यदि कोई बस बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के मिलती है तो उन्हें इम्पाउण्ड किया जाए। इसके अलावा जो भी ड्राईवर नशे का सेवन अथवा नियमों के विपरीत ड्राइविंग करते पाया जाता है तो अभिभावक उनकी शिकायत स्कूल मैनेजमेंट के साथ-साथ जिला प्रशासन के भी संज्ञान में लाया जाए ताकि उन पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा सके। उन्होंने सम्बन्धित विभाग को निर्देश दिए कि जिस किसी विभाग के विकास कार्य चल रहे हैं अथवा पूरे हो गए हैं वे अपने सीएनडी वेस्ट को तत्परता से उठाना सुनिश्चित करें।

एंबुलेंस के रिस्पांस टाइम में लाएं तेजी

डीसी ने एंबुलेंस के रिस्पांस टाइम में तेजी लाने, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, गलत दिशा में वाहन चलाने वालों, सिग्नल तोडने वालों, लिमिट से अधिक सवारियां लेकर चलने वाले वाहनों के चालान करने, सडकों पर साइन बोर्ड लगवाने, दुर्घटना का ऑडिट, ब्लैक स्पॉट, एक्सीडेंट प्रोन प्वाइंट चिन्हित करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में डीसी ने सरकुलर रोड व एचएसवीपी के सभी मार्गों को ठीक करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर सभी अनाधिकृत कट को तुरंत बंद किया जाए तथा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

एसपी ने बैठक में दी चालान की जानकारी

बैठक में एसपी डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि जिला की सड़कों पर गलत साइड वाहन चलाने वालों के चालान किए जा रहे हैं तथा ऐसे स्थानों को चिन्हित भी किया जा रहा है जहां सड़क दुर्घटना अधिक होने का अंदेशा है। बैठक में डीसी अभिषेक मीणा व एसपी डॉ. मयंक गुप्ता ने आरटीए सचिव एवं एसडीएम सुरेंद्र सिंह, एसडीएम बावल उदय सिंह, एसडीएम कोसली विजय कुमार यादव व सीटीएम प्रीति रावत सहित सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

रेवाड़ी। सीएम के हाथों पुरस्कार लेते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

जिले के किसानों ने मेगा एक्सपो में दिखाया जलवा

रेवाड़ी। करनाल के घरौंडा में आयोजित मेगा सब्जी एक्सपो-2025 में जिले के चार किसानों को पुरस्कार मिले हैं। इस एक्सपो में कुल 11 पुरस्कार दिए गए, जिनमें जिले ने एक-तिहाई पर कब्जा जमा लिया।

सीएम नायब सिंह सैनी ने इन किसानों को पुरस्कार दिए। धारूहेड़ा के संजय यादव को प्राकृतिक खेती में प्रथम पुरस्कार दिया गया। आलमगीरपुर के रितिक यादव ने मशरूम उत्पादन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गोपालपुर गाजी की राजबाला को मधुमक्खी पालन और शहद पैकिंग में प्रथम पुरस्कार मिला। जिला स्तर पर भी दो किसानों को सम्मानित किया गया।

खबर संक्षेप

सड़क हादसों के बाद फरार तीन चालक काबू

रेवाड़ी। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के बाद फरार होने वाले तीन वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। थाना बावल पुलिस ने 9 मार्च को हादसे के बाद फरार हुए गाड़ी चालक धारण की ढाणी निवासी सुनील को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 16 मार्च को हुए हादसे के आरोपी चालक राजस्थान के सिरयाणी निवासी सुनील को गिरफ्तार किया है। एक अन्य मामले में पुलिस ने नारनौल निवासी सुनील को सड़क हादसे के मामले में गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों को बाद में पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

सट्टा खाईवाली करते एक आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। सिटी पुलिस ने सामान्य अस्पताल के पास सट्टा खाईवाली करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गोल चक्कर निवासी बबलू सिविल अस्पताल के पास सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एक जवान को सादी वर्दी में 100 रुपये देकर उसके पास सट्टा लगाने के लिए भेज दिया। सट्टा लगाते ही पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से सट्टे की 1600 रुपये राशि व पर्चियां बरामद हुई। आरोपी को काबू करने के बाद गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

तेल चोरी के मामलों में प्रोडक्शन वारंट पर

रेवाड़ी। वर्ष 2021 में पेट्रोलियम कंपनी की पाइप लाइन से तेल चोरी करने के एक आरोपी को बावल थाना पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपी ने मेन पाइप लाइन से बावल, रामपुरा व रोहड़ाई थाना क्षेत्रों से तेल चोरी किया था। उसके खिलाफ चार मामले विभिन्न थानों में दर्ज है। वह इस समय में जेल में बंद चल रहा है। बावल थाना पुलिस ने कोर्ट से उसे प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपी को एक मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया।

बाइक की टक्कर लगने से युवक घायल

रेवाड़ी। पटौदी रोड पर बाइक की टक्कर लगने से एक युवक घायल हो गया। पटौदी रोड पर आईटीआई के पास रहने वाले विनय कुमार ने पुलिस बयान में बताया कि 14 मार्च को वह अपनी ड्यूटी पर पैदल जा रहा था। गोकलगढ़ निवासी राजू ने उसे बाइक से पीछे से टक्कर मार दी। उसने आरोप लगाया कि सूचना दिए जाने के बावजूद पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। उसने इसकी शिकायत एसपी से की। एसपी के आदेश पर सदर थाना पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

बाइक की टक्कर से दो भाई हुए घायल

रेवाड़ी। गुरावड़ा से कन्होरी रोड पर कार की टक्कर से बाइक सवार दो भाई घायल हो गए। महेंद्रगढ़ के तलवाना निवासी सुनील और उसका भाई अनिल झज्जर में एक कंपनी में कार्य करते हैं। दोनों बाइक लेकर घर से कंपनी के लिए निकले थे।

सोहना रोड पर रास्ता नं. 234 पर बनी बड़ी बिल्डिंग, कोर्ट में सुनवाई 3 अप्रैल को

कब्जों की चपेट में नपा की जमीन, कर्मचारी कर रहे जेबें गर्म, आम रास्तों तक को नहीं बख्शा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

नगर पालिका स्टाफ की शह पर कस्बे में सरकारी जमीन अतिक्रमण की चपेट में आ रही है। जेब गर्म करने के बाद भूमाफिया सरकारी जमीनों पर काबिज हो रहा है। अधिकारी अतिक्रमण रोकने के लिए पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं। आम रास्ते पर बड़ी बिल्डिंग बनाकर इसका सौदा कर दिया गया है। नगर पालिका ने किसी और की जमीन से रास्ता निकालकर अतिक्रमण से बचने का प्रयास किया है। कब्जा करने का मामला कोर्ट में भी विचाराधीन है, जिस पर अगली सुनवाई 3 अप्रैल को होनी है। कस्बे के लोगों का कहना है कि सोहना रोड पर राजस्व रिकॉर्ड के रास्ता नं. 234 पर एक कमर्शियल बिल्डिंग का निमार्ण करा दिया गया। बाद में इस बिल्डिंग को बेच दिया गया। अधिकारियों की आंखों के सामने निर्माण हुआ, परंतु किसी ने भी रास्ते की जमीन बचाने की दिशा में प्रयास नहीं किए। बास रोड पर एक दर्जन से अधिक लोगों ने नगर पालिका की जमीन पर कब्जे किए हुए हैं। प्रभावशाली मनमाने तरीके से सरकारी जमीन पर पुख्ता निर्माण कर रहे हैं, परंतु नगर पालिका के अधिकारी पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं।

सूत्रों के अनुसार जहां भी सरकारी जमीन पर कब्जा होता नजर आता है, संबंधित अधिकारी वहीं जेब गर्म करने के लिए पहुंच जाते हैं। अभी तक कस्बे में बड़ी संख्या में लोग सरकारी जमीन पर काबिज हो चुके हैं। बख्शी मार्केट के पीछे भी एक प्रभावशाली व्यक्ति ने बाउंसरों के दम पर कब्जा कर लिया है।

रेवाड़ी। कथित तौर पर रास्ते पर बनाई गई बिल्डिंग तथा रास्ते का नक्शा।

अतिक्रमण ने बिगाड़ी शहर की सूरत

अवैध कब्जों की तर्ज पर शहर में अतिक्रमण की भी भरमार है। बस स्टैंड के पास, सोहना रोड, दिल्ली रोड व अन्य मार्गों पर दुकानदारों से लेकर रेहड़ी वालों तक ने अतिक्रमण किया हुआ है। सभी फुटपाथ अतिक्रमण करने वाले लोगों की चपेट में हैं। इससे सड़कें संकीर्ण हो रही हैं, जिससे दिन भर लोगों को जाम का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली रोड पर तो अतिक्रमण करने वाले लोग सरकारी जमीन से किराया तक वसूल कर रहे हैं।

कब्जे खाली कराने से बच रही नपा

नगर पालिका की खसरा नं. 195 जमीन अवैध कब्जे की चपेट में है। जमीन की पैमाइश भी कराई जा चुकी है। भारी दबाव के चलते नपा अधिकारी अपनी जमीन को कब्जा मुक्त कराने में असहाय नजर आ रहे हैं। रिहायशी इलाकों में अवैध कब्जे करने के बाद भूमाफिया व्यावसायिक गतिविधियां तक चला रहे हैं। पोल गाड़कर पुख्ता अतिक्रमण करने की होड़ लगी हुई है। प्रभावशाली लोग मौका मिलते ही खाली नजर आने वाली जमीन पर काबिज होने का पूरा प्रयास करते हैं। इसके लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।

कोर्ट में विचाराधीन कब्जे का मामला

अवैध कब्जों के मामले में शिकायतों पर जब अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया, तो काफी समय पूर्व प्रदीप राव नंबरदार ने कोर्ट की शरण ली थी। कोर्ट में यह मामला विचाराधीन है, जिस पर अगली सुनवाई 3 अप्रैल को होनी है। प्रदीप राव ने बताया कि रास्ते की जमीन पर कब्जे की लड़ाई वह काफी समय से लड़ रहे हैं। उन्हें कोर्ट से न्याय मिलने की पूरी उम्मीद है। उन्होंने बताया कि कब्जाधारी ने कस्बे में कई और स्थानों पर सरकारी जमीन पर का काबिज होने का खेल शुरू किया हुआ है।

स्टाफ की कमी

रास्ते पर कब्जा करने का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। जहां तक अतिक्रमण का सवाल है, आए दिन इसे हटवाने के लिए मुनादी कराई जा रही है। अधिकारियों को भी बार-बार अतिक्रमण हटवाने के लिए कहा जा चुका है, परंतु स्टाफ की कमी के चलते अतिक्रमण नहीं हटवाया जा रहा।

-कंवर सिंह यादव, चेयरमैन, नपा।

रेवाड़ी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डा. सतीश खोला। फोटो : हरिभूमि

योजनाओं के लिए फैमिली आईडी जरूरी: सतीश खोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

एचपीपीए स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला की टीम ने मंगलवार को गांव गोकलगढ़ का दौरा करके चल रही सरकारी योजनाओं का फीडबैक लिया उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए यही फैमिली आई डी का उद्देश्य है उन्होंने कहा कि दूसरे प्रदेश भी हरियाणा का अनुशरण करने लग गए हैं। डा. खोला ने कहा कि 2014 से हमारी सरकार ने हरियाणा को नॉन स्टॉप आगे बढ़ाने का काम किया है। हरियाणा में क्षेत्रवाद, भेदभाव होता था और युवाओं को नौकरी विधायकों के चक्कर काटने से नौकरी लगती थी। हमारा प्रदेश राजनीतिक बीमारियों से ग्रसित था। सरकार ने क्षेत्रवाद को कम किया है। सीएम नायब सैनी जी का कहना है सबका साथ सबका विकास। बिना भेदभाव के काम हुआ है और युवाओं को बदलने का काम किया है। 2014 से 2024 तक हरियाणा में बड़ा बदलाव किया है, जिसकी सुप्रीम कोर्ट ने तारीफ की है। पढ़ी लिखी पंचायतों को पहला प्रदेश बना, कर्मचारियों की ट्रांसफर पॉलिसी लाए, घर बैठे ऑनलाइन पहचान पत्र बनाने से 52 लाख परिवारों को 400 योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

दस्तावेजों की जांच की गई

गांव की सीता राम धर्मशाला में सैकड़ों उपस्थित ग्रामीणों के दस्तावेज की जांच पड़ताल की गई कोई कमी थी उसको ठीक किया गया। सरकारी की आने वाली लाडो लक्ष्मी योजना के लिए महिलाओं की फैमिली आई डी के लिए बैंक खाता जोड़ने तथा उनकी जन्म तिथि सत्यापन का कार्य भी मौके पर ही किया गया। कार्यक्रम में राजबीर सरपंच, मुकेश यादव रिटायर्ड डीईओ, बिमला पंच, मुकेश पंच, हरिओम पंच, विनोद पंच, सतबीर पंच, राजरानी पंच, नीलम पंच, आरती पंच समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

शहर से अतिक्रमण को हटवाएं, जल निकासी के पुख्ता इंतजाम किए जाएं

- डीसी अभिषेक मीणा ने समाधान शिविर में अतिक्रमण हटाने व जल निकासी प्रबंधों के मद्देनजर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेवाड़ी। शिविर के दौरान लोगों की शिकायतों का निदान करते डीसी। फोटो :हरिभूमि

डीसी अभिषेक मीणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह शहर से अतिक्रमण हटवाने के मामले में कोताही नहीं बरतें। सभी प्रमुख सड़कों से लेकर शहर तक के अतिक्रमण को तत्काल हटवाया जाए।

साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि बरसात होने की सूरत में जल निकासी के प्रबंध पुख्ता हों। डीसी मंगलवार को जिला सचिवालय में समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी अभिषेक मीणा ने नगर परिषद, पंचायती राज, सिंचाई व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के कारण होने वाले जलभराव के स्पॉट को मार्क करते हुए समय रहते उक्त क्षेत्र की सीवरेज व्यवस्था व जल निकासी ड्रेन की सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि बरसात के दौरान आमजन को जलभराव के कारण परेशानी न हो।

उन्होंने कहा कि जलभराव की स्थिति में यातायात भी बाधित होता है, ऐसे में समय रहते सभी विभागीय अधिकारी जल निकासी प्रबंधों की दिशा में ठोस कदम उठाएं। समाधान शिविर में संबंधित विभागीय अधिकारियों ने डीसी को आश्वस्त किया कि उनके विभाग से संबंधित जो भी कार्य हैं वे निर्धारित समयावधि में ही पूरा करने के लिए कृतसंकल्प हैं। योजनाबद्ध तरीके से जल निकासी के लिए विभाग अभी से कार्य कर रहे हैं और आने वाले बरसात के सीजन में प्रयास रहेगा कि किसी भी सड़क पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं हो।

जलभराव रोकने के लिए ड्रेनेज सिस्टम हो दुरुस्त

डीसी ने कहा कि ड्रेनेज सिस्टम दुरूस्त होने से किसी भी सड़क अथवा गलियों में जलभराव नहीं होगा, ऐसे में विभाग अपने अधिकार क्षेत्र की सड़क व एरिया में यह मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें कि सीवरेज सहित अन्य नाले पहले से ही साफ रहें और जल प्रवाह सही तरीके से हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां कहीं भी यदि जलभराव होता है तो वे जल निकासी के लिए लगाए जाने वाले पंप सैट की भी व्यवस्था पहले से रखें तथा बिजली आपूर्ति के लिए कनेक्शन भी लेते हुए निर्बाध जल निकासी करने की दिशा में कदम बढ़ाएं। इस अवसर पर एडीसी अनुपमा अंजलि, सीटीएम प्रीति रावत सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

शिक्षा के उच्च मुकाम हासिल करेगा डीएवी पुलिस-पब्लिक स्कूल: अशोक कुमार

- स्कूल के प्राचार्य नरेंद्र दहिया ने इस मौके पर कमेटी को स्कूल की गतिविधियों और उपलब्धियों से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साउथ रेंज के आईजी व डीएवी पुलिस-पब्लिक स्कूल के चेयरमैन अशोक कुमार ने कहा कि डीएवी पुलिस-पब्लिक स्कूल में जिस तरह से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जा रहा है, उससे यह स्कूल आने वाले समय में उच्च मुकाम हासिल जरूर करेगा। वह मंगलवार को स्कूल की लोकल मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में बोल रहे थे। इस मौके पर नए शैक्षणिक सत्र से स्कूल में 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों के साइंस नॉन मेडिकल संकाय खोलने को भी अनुमति दी गई। अशोक कुमार ने कहा कि स्कूली प्रतिस्पर्धा के दौर में यह स्कूल किसी भी क्षेत्र में अन्य स्कूलों से पीछे नहीं है। स्कूल स्टाफ की मेहनत के बल पर विद्यार्थी पढ़ाई से लेकर खेल व अन्य गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। एसपी मयंक गुप्ता ने भी स्कूल के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह स्कूल एक आदर्श स्कूल साबित हो रहा है। स्कूल के प्राचार्य नरेंद्र दहिया ने इस मौके पर कमेटी को स्कूल की गतिविधियों और उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने भविष्य की गतिविधियों का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए आश्वासन दिया कि आगामी शैक्षणिक सत्र में स्कूल बेहतर परिणाम देने वाला साबित होगा।

रेवाड़ी। कमेटी की बैठक में मौजूद आईजी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस मौके पर डा. डीवी सेठी, चारू मैनी, प्रबंधक व विभिन्न डीएवी स्कूलों के प्राचार्य मौजूद रहे। अंत में प्राचार्य ने आईजी, एसपी व अन्य आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

प्रशासन का रात्रि ठहराव नंगली परसापुर मे आज

रेवाड़ी। जिला प्रशासन ओर से 26 मार्च को बावल खंड के गांव नंगली परसापुर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नगराधीश प्रीति रावत ने बताया कि डीसी अभिषेक मीणा व एसपी डा. मयंक गुप्ता रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निदेर्शों की अनुपालना जिला प्रशासन की ओर से प्रभावी ढंग से की जा रही है और इसी कड़ी में समाधान शिविर के साथ ही रात्रि ठहराव कार्यक्रम भी निरन्तर किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत जहां लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनते हुए समाधान किया जाएगा वहीं हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करती हुई विभागीय प्रदर्शनी भी लगेगी। इस अवसर पर जिला के सभी विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

पारिवारिक विवाद में दो महिलाओं से मारपीट, पांच के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाटूसाना

मुरलीपुर में पारिवारिक विवाद के चलते पांच सदस्यों ने दो महिलाओं के साथ मापीट कर, अस्पताल पहुंचा दिया। मारपीट में घायल देवरानी-जेठानी के पति बीएसएफ में कार्यरत हैं। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस बयान में सुमन देवी ने बताया कि उसका चाचा ससुर राजसिंह उसके घर के दरवाजे पर कांच फेंक रहा था। उसने चाचा ससुर को ऐसा करने से मना किया तो वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ वहां आ गया। उसने परिवार के सदस्यों से कांच की बोतलें लाने के लिए कहा। इसी दौरान उसकी देवरानी मनीषा भी वहां आ गई। सुमन ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने नुकीले पत्थरों और ईंटों से उन दोनों पर हमला कर दिया। दोनों के शरीर पर काफी चोटें आई हैं। सुमन ने डायल-122 पर कॉल कर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। महिला ने आरोप लगाया कि उनका चाचा ससुर लगातार उसे और मनीषा को बच्चों सहित जान से मारने की धमकी दे रहा है।

रक्तदान से बढ़कर नहीं कोई पुनीत कार्य: अमित वर्मा

जाटूसाना। मंगलवार को गांव बालधन खुर्द में बाबा धूना वाला आश्रम के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वर्मा ने कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा की रक्त दान एक महा दान है , हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्त दान करते रहना चाहिए, रक्त ऐसी चीज है जो किसी मशीन से नहीं बन सकता और मानव शरीर ही इसका निर्माण कर सकता है। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। आपातकालीन स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी और आपके द्वारा दान किया गया खून, किसी व्यक्ति के लिए जीवन दान का काम करता है। इस अवसर पर गौशाला प्रधान कृष्ण यादव, कार्यकारिणी सदस्य मनोज गोयल व गांव के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

रेवाड़ी। स्निफर डॉग के साथ सर्च करते एचएसएनसीबी की टीम। फोटो :हरिभूमि

नशे की खोज में ऑस्कर के साथ सर्च करने उतरी एचएसएनसीबी की टीम

- नशा तस्करों के खिलाफ की जाएगी कड़ी कार्रवाई : गजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने जिला नोडल अधिकारी डीएसपी गजेंद्र कुमार के नेतृत्व में स्निफर डॉग ऑस्कर के साथ सर्च अभियान चलाया। यूनिट इंचार्ज एसआई बलवंत सिंह व ब्यूरो के सदस्य शामिल रहे। टीम ने स्निफर डॉग के साथ नशा मुक्ति एवं पुवर्वास केंद्र व आसपास के एरिया में नशीले पदार्थों का पता लगाने के लिए सर्च किया। साथ ही लोगों को नशीलें पदार्थों के संबंध में जागरूक किया। गजेंद्र कुमार ने कहा नशा समाज के माथे पर एक कलंक के समान है। लोगों की जागरूकता से ही इस कलंक को धोया जा सकता है। प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए बड़े स्तर पर ब्यूरो की ओर प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। आमजन को चाहिए कि कहीं भी नशीले पदार्थों के संबंध में कोई जानकारी मिले, तो उसकी सूचना ब्यूरो को दें।

राजनीति दम दिखाने के लिए जिन नेताओं ने किया विरोध, नरबीर को छोड़कर कोई मैदान में टिक नहीं पाया

पांच दशक की राजनीति में अहीरवाल के 'हीरो' राव, विरोध की राजनीति करने वाले हाशिए पर

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

वर्ष 1977 में जाटूसाना हलके से पॉलीटिकल कैरियर की शुरूआत विधायक के रूप में करने वाले राव इंद्रजीत सिंह अहीरवाल में लगातार अपना दबदबा बनाए रखने में सफल रहे हैं। उनके विरोध की राजनीति पर आगे कदम बढ़ाने वाले कई नेताओं की राजनीति इस समय हासिए पर है।

कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह को छोड़कर इंद्रजीत के कई राजनीतिक विरोधी अस्तित्व बचाने की जंग भी लगभग हार चुके हैं। लगभग पांच दशक की राजनीति में राव ने समूचे अहीरवाल क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखने का जो मुकाम हासिल किया है, उसे आगे बढ़ाने के लिए बेटी आरती राव पर क्षेत्र के लोगों की नजरें टिक चुकी हैं। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह पर मौका मिलते ही निशाना साधने वाले कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने पहली बार वर्ष 1987 के विधानसभा चुनावों में राव इंद्रजीत सिंह को मात दी थी। इसके बाद नरबीर ने हवा का रुख देखते हुए अपना 'ठिकाना' बदल लिया था। इसी हलके से वर्ष 1996 में चौ. बंसीलाल की शराबबंदी की लहर में जगदीश यादव राव इंद्रजीत सिंह को हराकर पहली बार विधानसभा पहुंचे थे। इन दोनों नेताओं ने जीत दर्ज करने के बाद राव के विरोध की राजनीति को सर्वोपरि मानकर आगे बढ़ने का निर्णय लिया था। राव के खिलाफ विरोध की जंग में नरबीर भले ही कुछ हद तक कामयाब रहे, परंतु जगदीश की राजनीति हासिए पर पहुंच गई।

राव इंद्रजीत सिंह।

राव नरबीर सिंह।

रणधीर सिंह कापड़ीवास।

जगदीश यादव।

आरती राव।

आगे बढ़ाने वाले ही बागी भी बन गए

पूर्व केंद्रीय मंत्री राव बिरेंद्र सिंह की तर्ज पर उनके बेटे राव इंद्रजीत सिंह ने जिसके सिर पर हाथ रखा, वही चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंच गया। इनमें से कई नेता ऐसे भी रहे, जिन्होंने बाद में 'बगावत' का रास्ता अपनाकर अपने राजनीतिक अस्तित्व को खतरे में डाल लिया। रेवाड़ी हलके से वर्ष 2014 में राव से आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे, तो कापड़ीवास पहली बार विधायक भी बन गए। 'बागी' तेवरों के चलते उन्हें दोबारा भाजपा से टिकट मिलने तक का मौका नहीं मिला। कोसली हलके से बिक्रम ठेकेदार को राजनीति के फर्श से अर्श पर लाने वाले राव ने तेवर दिखाते ही बिक्रम ठेकेदार को उसी पायदान पर पहुंचा दिया।

कई बार दल बदलने के बावजूद राव समर्थकों ने जगदीश को दूसरी बार विधानसभा पहुंचने का मौका नहीं दिया। राव का मजबूत पक्ष उनके कार्यकर्ताओं की मजबूत टीम रहा। जो कार्यकर्ता उनके साथ शुरूआती दौर में जुड़े, वह लगातार उनका साथ निभाते रहे। समर्थकों को कभी भी पार्टी या पद से कोई सरोकार नहीं रहा। 'जहां राव, वहां हम' की सोच ने राव को अहीरवाल के सबसे ताकतवर नेता के रूप में स्थापित कर दिया। पीठ मजबूत होने के कारण गुरूग्राम से लेकर नांगल चौधरी तक राव की पहचान ऐसे नेता के रूप में बन गई, जो विरोध करने वाले किसी भी धुरंधर को चुनाव में धूल चटाने का माद्दा रखता है।

नए चेहरों को आगे लाकर चौंकाया

गत विधानसभा चुनावों में जिस समय पूरे प्रदेश में कांग्रेस का पलड़ा भारी नजर आ रहा था, भाजपा ने अहीरवाल का किला फतह करने का जिम्मा राव इंद्रजीत सिंह को सौंप दिया। भले ही यह भाजपा की राजनीतिक मजबूरी रही हो, परंतु राव ने बावल व कोसली सहित कई हलकों में नए चेहरों पर दांव खेल दिया। इनमें उनकी बेटी आरती राव भी शामिल थीं, जिन्हें हराने के लिए भाजपा का ही एक खेमा पूरी तरह एक्टिव था। राव के सभी प्रत्याशी तमाम बाधाओं को पार करते हुए विधानसभा की दहलीज पर कदम रखने में कामयाब हो गए। राव के आशीर्वाद से जीत दर्ज कर चुके एक नेता ने नरबीर और जगदीश की तर्ज पर अपना काम भी शुरू कर दिया है।

निशाना साधने में कोई कसर नहीं छोड़ी

कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह अभी भी राव पर निशाना साधने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। मानेसर नगर निगम चुनाव में इसका उदाहरण सामने आ चुका है। राव का साथ नहीं मिलने के कारण इस चुनाव में भाजपा ने अकेले मानेसर निगम खो दिया, जबकि उसे अन्य सभी जगह सफलता मिली। राव समर्थक माने लाने वाले राकेश की पत्नी डा. इंद्रजीत के मेयर बनने के बाद नरबीर उन्हें भाजपा में शामिल करने का विरोध करते हुए एक तरह से राव पर ही निशाना साध रहे हैं। आरती राव एक मंझे हुए खिलाड़ी की तरह कोई जवाब देने की बजाय पिता की तरह चुप्पी